Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 21-03-2023 | अंक 518

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# कान्हाचट्टी में एस.बी.आई ग्राहक सेवा केंद्र से चोरी गया लैपटॉप के साथ पांच चोर गिरफ्तार

## राजपुर थाना क्षेत्र में तीन माह से चोरों ने मचा रखा था आतंक

## चोरों ने कई जगह पर चोरी करने की बात को किया कबूल






**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी
प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : दो तीन माह से राजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तथा छोटी मोटी दुकानों में लगातार चोरी की घटना का अंजाम देने वाले चोरों के विरुद्ध चतरा एस पी राकेश रजंन के निर्देश पर एस डी पी ओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में चोरों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया,जिसमे लगातार चलाए गए अभियान के बाद पुलिस ने पांच चोरों को गिरफ्तार करने में सफल हुई और चोरी किए गए दो डेल कम्पनी के लैपटॉप,साबुन,चाउमीन,एवं चाकू तथा चोरी में उपयोग किये गए दो मोटर साइकिल को बरामद किया गया।मंगलवार को राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने प्रेस क०न्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को बताया को आरक्षी अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चोरी के सामान को कुछ लोग सदर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव के नारों राम के पुत्र आशीष राम के पास रखे हैं।जिसके बाद एस डी पी ओ सदर अविनाश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और समान की सत्यापन के लिए पुलिस गई ।जिसमें कान्हाचट्टी बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से 23 फरवरी को हुई लैपट०प एवं पेलतौल ग्राहक सेवा केंद्र से चोरी गई लैपट०प था।जिसके बाद खरीददार आशीष राम को थाना लाया गया।वही चोरी की घटना का अंजाम देने वाले इटखोरी थाना क्षेत्र के परोका गाँव से राहुल कुमार पिता प्रभु राम,राजकुमार पासवान पिता कौलेश्वर राम,सुनील पासवान पिता बिनोद पासवान एवं राजपुर थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव के आशीष सिंह के पुत्र गोलू कुमार को भी गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।सभी ने क्षेत्र में हुए चोरी की घटना को स्वीकार किया।बताते चलें कि राजपुर थाना क्षेत्र के दूल्हा में मुर्गी फार्म से चोरी,पांडेय महुआ से चोरी,कान्हाचट्टी बाजार में सी एस पी में चोरी,पेलतौल में सी एस पी में चोरी सहित कई दुकानों में चोरों ने चोरी कर आतंक मचा रखा था।चोरों के पकड़े जाने पर थाना क्षेत्र वासियों ने एस पी ,एस डी पी ओ एवं राजपुर थाना प्रभारी को आभार ब्यक्त किया है।ग्रामीणों ने कहा कि राजपुर थाना प्रभारी के कुशल कार्य से चोरों को पकड़ा गया।थाना प्रभारी ने कहा कि यदि थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है तो तुरंत पुलिस को खबर करें।अभियान में एस डी पी ओ अविनाश कुमार,इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी,राजपुर थाना प्रभारी विकास पा. सवान,पुलिस अवर निरीक्षक नन्दन कुमार सिंह, दीपनारायण सिंह, राजेश शर्मा,धर्मराज उरांव सहित जिला बल के जवान मौजूद थे।

# न्यूज ब्रीफ

## अनियमित बिजली आपूर्ति से विद्यार्थियों को हो रही है परेशानी




**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ में इन अनियमित रूप से बिजली की आपूर्ति की जा रही है जिसके वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर इन दिनों मैट्रिक और इंटर की परीक्षायें चल रही है। बिजली नहीं रहने के कारण छात्र छात्राओं को पठन–पाठन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा में बेहतर अंक लाने के लिए विद्यार्थी जी जान से मेहनत पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को शाम के बाद पठन–पाठन को लेकर काफी मशक्कत झेलनी पड़ रही है। इस सदी में भी विद्यार्थीयों को रोशनी के लिए बिजली का नियमित रूप से ना मिलना बिजली विभाग के घोर लापरवाही है। वहीं बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण कई घरों का इनवर्टर तक डाउन हो गया है जिसके वजह से उपभोक्ता गण अंधेरे में रहने को विवश हो चुके हैं। यह हाल है महुआडांड़ में बिजली और बिजली विभाग का।

## नप ने की होल्डिंग टैक्स मद में 62 हजार से ज्यादा की राजस्व वसूली



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : अनुमण्डल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित किये गये विजिलेंस टीम द्वारा मंगलवार को होलि. डंग टैक्स, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध पर जांच एवं राजस्व की वसूली की गई। जिसमें होल्डिंग टैक्स मद में 62 हजार 2 सौ 93 एवं ट्रेड लाइसेंस के मद में 10 हजार 5 सौ 40 एवं वाटर सप्लाई मद में 37 हजार 7 सौ 20 रूपये की राजस्व की वसूली की गई। ज्ञातव्य हो कि शहरी क्षेत्र के किसी भी होल्डिंग टैक्स धारक जिनके द्वारा अबतक अपने प्रतिष्ठान भूमि का होल्डिंग का निर्धारण एवं होल्डिंग टैक्स मद में बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 181 एवं 184 के तहत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उनके एकल या संयुक्त बैंक खाते को फ्रिज करना, बकायेदार की चल एवं अचल सम्पति की कुर्की एवं बिकी करना, सर्टिफिकेट केस करना एवं संबंधित के विरूद्ध बाडी वारंट निर्गत करने का प्रावधान है। अभियान में नगर प्रबंधक जयालक्ष्मी भगत, संजीव कुमार, तहसीलदार राजू प्रसाद, अभिषेक कुमार ,स्पैरो प्रतिनिधि सोनू कुमार व अजित कुमार मौजूद रहे ।

# ढाई टन अवैध कोयला के साथ दो गिरफ्तार

**अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा**



लातेहार : चंदवा पुलिस ने अवैध कोयला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध ढाई टन कोयला के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लातेहार एसपी अंजली अंजन को गुप्त सूचना मिली की चंदवा थाना क्षेत्र के ग्राम काली से ढोटी, बरवाटोली की ओर ट्रैक्टर में कोयला लोडकर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काली, ढोटी मोड़ के पास में छापामारी की गई जहाँ से कोयला लदा एक बिना नंबर प्लेट का नीला रंग का सोनालिका ट्रै. क्टर जिसमें करीब करीब 2.5 (ढाई) टन कोयला लोड़ था पकड़ा गया। साथ ही अवैध कोयला का कारोबार कर रहे राजू गंझू और चालक जागेश्वर गंझू को भी हिरासत में ले लिया गया। पकड़ाये ट्रैक्टर में करीब 2. 5 (ढाई) टन कोयला लदा पाया गया। इस मामले में चन्दवा थाना में खान अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता –
1. राजू गंझू, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता– गंदौरी गंझू, सा0 मड़मा, थाना चन्दवा, जिला– लातेहार
2. जागेश्वर गंझू, उम्र 28 वर्ष, पिता गुलचन्द गंझू, सा0– मड़मा, थाना– चन्दवा, जिला – लातेहार

बरामद सामानों की सूची –
1. एक बिना नंबर प्लेट का सोनालिका ट्रैक्टर ट्र०ली सहित
2. करीब 2.5 (ढाई) टन कोयला

छापामारी दल में जमील अंसारी, नारायण यादव, अरविन्द कुमार सिंह, और सैट 202 के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

APEM LIVE

24 घंटे सेवा
HOTEL
आकाश पैलेस
9122662308
6299699176
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## एसडीओ व उत्पाद अधीक्षक ने सील शराब दुकान को खुलवाकर किया जांच

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ एसडीओ द्वारा शराब दुकान में किए गए सील को मंगलवार को खोला गया।इस दौरान उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा,कार्यपालक दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार,उत्पाद उप निरीक्षक अभिषेक कुमार,एसआई रोशन कुमार की मौजूद थे।सील खोलने उपरांत शराब के स्टॉक से पंजी का मिलान समेत अन्य मुद्दों पर गहनता से जांच की गई।जिसके उपरांत नए सेल्समैन को दुकान और स्ट०क की जिम्मेदारी देकर दुकान शुरू कराया गया।इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रिंट रेट से अधिक पैसा लेना संगीन अपराध है।इसका सत्यापन हो चुका है।इस आधार पर शराब दुकान में कार्यरत कर्मी अंकित कुमार,रंजीत कुमार साहू,आशीष कुमार और रॉकेट कुमार पर महुआडांड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।क्योंकि इनके द्वारा सिर्फ एक्साइज ला. इसेंस का ही उल्लंघन नहीं किया गया है।बल्कि ओवर चार्जिंग और उपभोक्ता संरक्षण का भी उल्लंघन किया गया है।बताते चलें की विभागीय कारवाई की जानकारी मिलते ही शराब दुकान में कार्यरत चारो सेल्समैन सोमवार को ही फरार हो गए थे।

क्या है पूरा मामला। प्रखंड के विदेशी शराब दुकान से लगातार ओवर चार्जिंग की शिकायत मिलने की वजह से सोमवार को एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने कार्यपालक दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार और अपने कर्मी को शराब दुकान ग्राहक बनाकर भेजा था। जिसपर दुकानदार द्वारा इन लोगों से भी अत्यधिक मूल्य लेकर शराब दी गई।. वही पूरे मामले की निगरानी स्वयं एसडीओ नीत निखिल सुरीन कर रहे थे।उन्होंने मामले पर त्वरित करते हुए शराब दुकान को सील कर दिया साथ ही विभागीय कारवाई हेतु उत्पाद विभाग को सुचित किया था।

## प्रखंड प्रमुख ने सीएम से मिल की सरकारी वाहन एवं विकास निधि बढ़ाने की मांग , सौंपा ज्ञापन

### बिजैया को प्रखंड एवं थाना बनाने की भी की गई मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मुख्यमंत्री से मिलते प्रखंड प्रमुख मनोज रजक

बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मुलाकात की और बरही विकास को लेकर चर्चा की। प्रमुख ने मुख्यमंत्री को विकास योजनाओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा जिसमें मांग किया गया की प्रत्येक प्रखंड में प्रमुख निर्वाचित प्रतिनिधि होता है, लिहाजा उन्हें सरकारी स्तर पर वहान उपलब्ध कराया जाय। ताकि क्षेत्र का भ्रमण कर विकास योजनाओं का निरीक्षण, अनुश्रवण तथा भौतिक सत्यापन किया जा सके। मांगपत्र के माध्यम से विकास योजनाओं में 15 वित की राशि 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत बढ़ाने की मांग की गई। मांग पत्र के माध्यम से प्रमुख मनोज रजक ने विजैया को प्रखंड का दर्जा देने की मांग की। बताया की विजैया सुदूरवर्ती क्षेत्र है। बरही से लगभग 30 किमी की दूरी है। अपराधी लोग इस क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। पुलिस प्रशासन की कोई सुविधा समय पर इस क्षेत्र के लोगों को नही मिल पता है। इसलिए विजैया को प्रखंड का दर्जा देते हुए पुलिस थाना की भी व्यवस्था करना अतिआवश्यक हो गया है। मांग पत्र के माध्यम में सुदूरवर्ती क्षेत्र जहां अब तक पक्की सड़क नही बन पाया है वहां पक्की सड़क बनाई जाय। प्रमुख मनोज रजक ने बताया की मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर सहुनुभूति विचार करने का आश्वासन दिया है।

## अपने माँगो के समर्थन में चौपारण के दर्जनों पीडीएस डीलर दिल्ली रवाना, कल जंतर मंतर में देंगे धरना

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



अपने माँगो के समर्थन में चौपारण के दर्जनों पीडीएस संचालक प्रखण्ड अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में दिल्ली रवाना हुए। देश भर से आये डीलर दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर करेंगे धरना प्रदर्शन। मालूम हो कि फ्री राशन योजना जनवरी 2023 गरीबों के लिए राहत वाली योजना है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन में सभी पीडीएस (राशन) डीलर पूरे ईमानदारी पूर्वक अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। पर इन्हें उचित मुवाबजा नहीं के बराबर मिल रहा है। इस बात को लेकर देशभर के सभी राशन डीलर 22 मार्च यानि आज ऑल इंडिया प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर मंतर के पास धरना प्रदर्शन करेंगे। इस सम्बंध में संघ अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर आज 11 बजे से शाम 4 बजे तक दिल्ली के जंतर मंतर पूरे देशभर डीलर संघ का धरना प्रस्तवित है। जिसमें प्रखण्ड के दर्जनों डीलर शामिल हो रहे हैं। डीलर सुखदेव यादव, रवि वर्णवाल, राजाराम इंद्र गुरू ,सीताराम जाधव, उमेश यादव , बजेश्वर सिंह, राजेश सिंह, मनोज दांगी, गणेश केसरी, रामाधीन सिंह ,सुरेंद्र प्रसाद, सकलदेव साहू ,सियाराम सिंह ,नासिर हुसैन, विश.ेश्वर यादव, सुदर्शन जाधव, रुदवा देवी, बिंदवा देवी, नूरी देवी ,सुनीता देवी ,माला देवी ,बिना देवी, बा. बूलाल पासवान, रणधीर कुमार, प्रीतम साहू सहित अन्य डिलर दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। कल सभी दिल्ली में विरोध कार्यक्रम के दौरान जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## वन विभाग की कार्यवाई : भगहर जंगल से अवैध लड़की लदा ट्रैक्टर किया जप्त

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



वन विभाग ने सुदूरवर्ती भगहर पंचायत से अवैध लड़की लदा एक ट्रैक्टर जप्त किया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए चौपारण वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्ता सूचना मिल रहा था कि भगहर जंगल से लड़की काट कर अवैध रूप से ट्रैक्टर पर लाद कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना सत्यापन के बाद टीम गठित कर कार्यवाई किया गया। जप्त ट्रैक्टर को रेंज कार्यालय चौपारण लाया गया। श्री सिंह ने बताया कि जंगल का फायदा उठाकर चालक, उपचालक व तस्कर फरार हो गए। पकड़ा गया ट्रैक्टर बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत फतेहपुर बसुवा निवासी बिनोद यादव पिता किसुन यादव का बताया जा रहा है। बताया वनवाद दायर कर वन विभाग जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल राहुल कुमार, वनरक्षी पंकज कुमार, अजीत कुमार गन्झु, सिकंदर नायक, गृह रक्षक राजकिशोर यादव,उमेश कुमार एवं चालक सुखदेव यादव शामिल थे। मालूम हो कि भगहर जंगल से लगातार अवैध रूप से लकड़ियों को काट कर बिहार तस्करी के लिए भेजा जाता है। यदाकदा वन विभाग को सूचना मिलने पर तस्करों के खिलाफ कार्यवाई किया जाता है। इन दिनों भगहर में जंगलों को उजाड़ कर अवैध महुवा शराब बनाने का सिलसिला रुकने का नाम ही नही ले रहा है।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरही सीओ ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान, माइकिंग कर दी चेतावनी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण एवं उससे बरही चौक पर लग रहे जाम को देखते हुए बरही बाजार में मंगलवार को सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने माइकिंग कर सड़क पर लगा रहे दुकानदारों, फल विक्रेताओं, सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी। अतिक्रमण स्वेच्छा से नहीं हटाने पर दोषी लोगों पर जुर्माना करते हुए प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस संबंध में बरही सीओ श्री टोप्पो ने पूरे बरही बाजार में माइकिंग कर तत्काल सभी स्थाई एवं अस्थाई दुकानों से अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया है। इस दौरान सीओ ने सभी ठेला एवं फल विक्रेताओं से आग्रह किया है की आप अपना समान सड़क में बने सफेद पट्टी के अंदर ही रहकर अपना समान बेचें। साथ ही साथ उन्होंने अतिक्रमण हटवाते हुए अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी की वे अतिक्रमण करने से बाज आएं और बरही को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी से सहयोग का अपील की गई।

## मजदूरी करने आंध्र प्रदेश गए लातेहार के दो आदिवासी मजदूरों की शव गांव पहुंचते ही में माहौल हुआ गमगीन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहारः जिले के बेतला के कुटमू गांव के दो आदिवासी मजदूर छोटू सिंह और जितेंद्र सिंह की मौत आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में मज. दूरी करने के दौरान हो गई थी।वहीँ मंगलवार को मजदूरों का शव गांव पहुंचते ही पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया गया।ज्ञात हो कि बेतला के कुटमु गांव के आदिवासी युवक छोटू सिंह और जितेंद्र सिंह आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में मजदूरी करने गए थे।दो दिन पूर्व अचानक काम करने के दौरान लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिस कारण दोनों मजदूर की मौत हो गई।बाद में वहां कार्य कर रहे अन्य मजदूरों ने इसकी सूचना मृतक मजदूर के परिजनों को दी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों ने कंपनी के वरीय अधिकारियों से बातचीत की जिसके बाद अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि मृतक मजदूरों के शव को कंपनी के द्वारा उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

## टंडवा शहीद चौक में ऑप्टिकल चश्मा घर का किया गया उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



टंडवा। टंडवा शहीद चौक स्थित गाड़ीलौंग रोड में एमएसआई केयर अ०प्टिकल चश्मा घर का उद्घाटन किया गया। चश्मा घर का उद्घाटन दुकान मालिक सागर समीर की मां हेना कौशल खातून एवं मुकेश कुमार की मां चांदो देवी द्वारा फीता काटकर संयुक्त रूप से किया गया। दुकान मालिक सागर एवं मुकेश ने संयुक्त रूप से कहा कि इस चश्मा घर में आंख से संबंधित सभी तरह के रोगों का इलाज बेहतर चिकित्सा के द्वारा नियमित रूप से उचित शुल्क पर व्यवस्था की गई। साथ ही साथ सभी तरह की चश्मा यहां उपलब्ध है। ग्राहकों का बेहतर सेवा देना पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर रजा आरिफ, ऋषभ शर्मा, रामेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, गणपति महतो, नितेश कुमार, सुनील कुमार, तुलसी कुमार, राज किशोर कुमार, संदीप कुमार, बिरनू कुमार,नरेश कुमार,सदानंद शर्मा, विकास रंजन,आनंद राज रूबी परवीन, शमां आरजू, जाहिदा परवीन, सा. हिना परवीन, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद तबरेज, अमन आसिफ, बीटू निषाद, तौसीफ रजा, रवि कुमार, मोहम्मद शकील, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद सलाम, अबू सुफियान, मोहम्मद फाहिमुद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## बूथ स्तर पर भाजपा को किया जायेगा मजबूत, कार्यकर्ताओं के सम्मान प्राथमिकतारू गणेश यादव

### भाजपा बरही पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल की संयुक्त बैठक में बूथ कमेटी गठन व सशक्तिकरण का निर्णय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भाजपा बरही पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल की संयुक्त बैठक तिलैया रोड बरही में हुई । बैठक की अध्यक्षता बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू एवं संचालन बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव ने किया। बैठक में नई बूथ कमेटी बनाने एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने पर विशेष चर्चा किया गया। निर्णय लिया गया कि बरही पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर नई बूथ कमेटी का गठन किया जाएगा एवं उसे प्रशिक्षित कर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि भाजपा का मुख्य आधार बूथ कमेटी का सशक्तिकरण है । इसी वजह से प्रत्येक बूथ को सशक्त किया जाएगा । बूथ कमेटी में बूथ अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को प्रशिक्षित कर उन्हें केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी । ताकि उसका लाभ आम आदमी तक पहुंचाया जा सके। मंडल प्रभारी रमेश सिंह ने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है । केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है इसलिए एक बार पुनः 2024 में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इसके साथ ही झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है। वरिष्ठ भा. जपा नेता अंबिका सिंह ने कहा की भाजपा शोषित पीड़ित एवं अभिवंचित वर्ग के लिए चिंतनशील रहती है। बूथ स्तर का कार्यकर्ताओं का सम्मान में कभी कोई ठेस नहीं पहुंचे इसका विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की पार्टी की मजबूती के लिए क्षेत्र में काम करें, समय दें पार्टी को मजबूती मिल सके। मौके पर मंडल प्रभारी रमेश सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव,बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, महामंत्री कमल शंकर पंडित, रामचंद्र कुशवाहा, बब्लू सिंह, गौतम सिंह, कैलाश यादव, रामाशंकर यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।






## स्वास्थ्य उप निदेशक ने किया सदर अस्पताल के पैलिएटिव वार्ड का निरीक्षण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के स्वास्थ्य उप निदेशक डॉ. हरेन चंद्र महतो ने लातेहार सदर अस्पताल के पैलिएटिव वार्ड का निरीक्षण किया।इस अवसर पर श्री महतो ने कहा कि कैंसर मरीजों के लिए सदर अस्पताल में दस बेड का पैलिएटिव वॉर्ड खोला गया है।यहाँ मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज किया जाएगा। इससे कैंसर के मरीजों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि झारखंड में पहले चरण में 12 जिलों के सदर अस्पतालों का चयन किया गया है। इनमें लातेहार के अलावे बोकारो, देवघर, धनबाद, गुमला,रांची, दुमका, जामताड़ा, कोडरमा, पलामू, सरायकेला खरसावां तथा पश्चिमी सिंहभूम जिला शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पैलिएटिव केयर कैंसर, एड्स, हृदय, गुर्दा फेल या कोमा के मरीजों को दर्द से राहत प्रदान करेगा। रोगियों को उनकी देखरेख के साथ-साथ उन्हें कुछ दवाएं भी दी जाएगी। जिससे उन्हें आराम मिलेगा। संक्रमण से बचाने के लिए कुछ एंटीबायोटिक दवाएं भी नियमित रूप से दी जाती हैं। जिससे उसकी परेशानी समय के साथ न बढ़े। असहनीय पीड़ा से गुजर रहे रोगी की देखभाल के लिए 24 घंटे स्टाफ उसकी सेवा में रहेगा। पैलिएटिव वार्ड के निरीक्षण के दौरान पैलिएटिव वार्ड में एसी लगाने का सिविल सर्जन को निर्देश दिया। सिविल सर्जन ड०. दिनेश कुमार ने कहा कि कैंसर के आखिरी स्टेज में असहनीय दर्द से जूझ रहे मरीजों को भर्ती कर देखभाल और इलाज किया जाएगा। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. नीलमणी कुमार, राजीव कुमार, राजदेव कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा शांति और सद्भावपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व का त्योहार मनाने को लेकर गोरहर थाना परिसर में अंचल अधिकारी श्रीकांतलाल मांझी की अध्यक्षता में की गई। संचालन मुखिया निजाम अंसारी ने की बैठक में मुख्य रूप से 20 सूत्री चेयरमैन प्रदीप प्रसाद व इंस्पेक्टर श्यामचन्द्र सिंह उपस्थित थे बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी कृष्णा शाह ने कहा रामनवमी को लेकर राज्य सरकार के दिशा निर्देशों को शांति समिति के सदस्यों को जानकारी दी व स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी रूप में जुलूस में डीजे नही बजेगा साथ ही जुलूस निर्धारित मार्ग से ही गुजरेगा ग्रामीणों को अफवाह से सावधान रहने व किसी भी तरह की जानकारी प्रशासन को तुरंत उपलब्ध कराने की अपील की।मौके पर मुख्य रूप से मुखिया ललिता पांडेय, पंसस जयंती देवी, मुखिया मो निजाम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र कुमार पांडेय,मो कुदुश, मौलवी रमजान, पंसस विकास पांडेय कुंजलाल महतो, सुनील कु पांडेय, पंसस प्रतिनिधि मो शमीम, कुलदीप पांडेय, राजकुमार गिरी, जोधन मोदी, लोकनाथ राणा, सुरेन्द्र राणा समेत बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे ।


## विश्व जल दिवस के उपलक्ष में प्रखण्ड स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन

### जल है तो जीवन है,जल को सहेजें : हुलास

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : मंगलवार को विश्व जल दिवस के उपलक्ष में प्रखंड सभागार कन्हाचट्टी कार्यालय में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जल संचयन जल संवर्धन जल संरक्षण जल जीवन मिशन एवं ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु विशेष चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख इंदु देवी ने की / इस कार्यक्रम में प्रमुख इंदु देवी उप प्रमुख सुमन कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो पंचायत के सम्मानित मुखिया विकास कुमार उर्फछोटू सिंह राजपुरआफताब हुसैन जमरी बकसपूरा सुप्रिया कुमारी मत गड़ा सभी रोजगार सेवक सभी पंचायत सेवक एवं सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से ISA प्रतिनिधि सुशील कुमार सिंह उपस्थित थे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख इंदु देवी ने कही की जल संवर्धन बहुत जरूरी है।जिस तरह से कर्तमान समय मे जल स्तर नीचे चला जा रहा है यदि जल को संरक्षण नहीं किया गया तो लोग पानी के बिना पानी पानी हो जाएंगे।वहीं बी डी ओ हुलास महतो ने लोगो से कहा कि पानी की उपलब्धता को समझिए और जल संरक्षण पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दीजिए।उन्होंने उपस्थित आंगनबाड़ी सेकि. काओ एवं अन्य लोगो को कहा कि जल है तो जीवन है।यदि जल को बचाया नहीं गया तो आने वाले दिन में लोगो को सबसे ज्यादा लड़ाई पानी के लिए ही करना पड़ेगा।




## आरएसएस की ओर से एसडीओ एवं एसडीपीओ को भेंट की गई नव वर्ष अभिनंदन संदेश पत्रक

### भारतीय नव वर्ष में हम अपनी सनातन संस्कृति को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लें : त्रिवेणी साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



एसडीपीओ को नव वर्ष अभिनंदन संदेश पत्रक सौंपते त्रिवेणी साहू

भारतीय नव वर्ष की शुभारंभ 22 मार्च से शुरू हो रहा है। नववर्ष के पूर्व दिवस पर आरएसएस की ओर से बरही के प्रशासनिक पदाधिकारियों को नववर्ष अभिनंदन संदेश पत्रक भेंट की गई। आरएसएस के क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू एवं विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, आईसीएआर गौरियाकर्मा के निदेशक डॉ विशालनाथ पांडेय सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारियों को नव वर्ष अभिनंदन संदेश पत्रक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अभा प्रतिनिधि सभा का संदेश पुस्तिका भेंट करते हुए नव वर्ष की शुभक. ।मनाएं दी। त्रिवेणी साव ने कहा की अपनी पहचान तथा अपनी श्रेष्ठ संस्कृति को कायम रखते हुए हम चौत्र शुक्ल प्रतिपदा बुधवार विक्रम संवत २०८० ( तदनुसार २२ मार्च २०२३) को भारतीय नववर्ष मना रहे हैं। हम हमारे पूर्वजों की धरोहर आने वाले पीढ़ी को सौंप रहे हैं। नव वर्ष में हम सभी को अपनी प्राचीन सभ्यता एवं सनातन संस्कृति आत्मसात करते हैं। कहा की आज बुधवार को हम सब हिंदू नव वर्ष धूम धाम से पूजा अर्चना कर मनाएं।

## Gate-2023 AIR-19 पेट्रोलियम इंजीनियरिंग की परीक्षा में बड़ासिंगा/बेलकपी,हजारीबाग का बेटा ने लहराया परचम

### सफलता का श्रेय अपने माता पिता गुरुजनों को दिया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




शिवाशिष पांडेय

अगर इरादे बुलंद हो तो अड़चने राह छोड़ देती हैं की कहावत को चरितार्थ किया है बरकट्ठा प्रखंड के बड़ासिंगा/बेलकपी पांडेय मोहल्ला निवासी स्व. जगदीश पांडेय के बेटा सीताराम पांडेय और सुनीता देवी के पुत्र शिवाशीष पांडेय ने। शिवाशीष पांडेय ने पेट्रोलियम इंजीनियरिंग परीक्षा गेट 2023 में अ०ल ओवर इंडिया स्तर पर 19 वा स्थान प्राप्त कर न केवल हजारीबाग जिला के बरकट्ठा प्रखंड बल्कि पूरे झारखंड का नाम रौशन किया है। साथ ही अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। ज्ञात हो की यह प्रतियोगिता परीक्षा आईआ. ईटी गेट प्रतिष्ठित परीक्षा में एक है। बचपन से ही कुशाग्र एवं तेज रहे शिवशीष ने वर्ष 2016 में राज कमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार धनबाद में 10 सी जी पी ए के साथ ब्ठैम् बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा और 2018 में 95.20 : अंक के साथ इंटर साइंस की परीक्षा एवं आईआईटी श्रम्म् उंपद और ।कअंदअबम में वर्ष 2019 में प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सत्र 2019-2023 के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी, अमेठी,उत्तर प्रदेश मे शैक्षणिक 8.77 वी रेंक प्राप्त करते हुये इंजीनियरिंग के ळंजम-2023 की परीक्षा में शामिल होकर भारत में 19 वी स्थान हासिल किया है। तीन भाई बहनों में शिवाशीष सबसे बड़े भाई और दो छोटी बहन में एक बहन अनु प्रिया बीएचयू वाराणसी में ग्रेजुएट की शिक्षा तथा छोटी बहन दीप शिखा 9 में राज कमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में में अध्ययनरत हैं। पिता सीताराम पांडेय धनबाद स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत और माँ कुशल गृहिणी हैं। उन्होंने ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को और सभी गुरुजनों को दिया है।शिवाशीष के इस सफलता पर इंद्रदेव प्रसाद, सुनील कुमार दत्त, अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, निदेशक कपिल केशरी, मुकेश कुमार गुप्ता, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, सोनू पंडित, दशरथ यादव ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

# हरली में रामनवमी महासमिति की बैठक में कई अखाड़े के पदाधिकारी हुए शामिल, लिए गए अहम निर्णय

## नियमों का पालन नहीं करने वाले झांकी व जुलूस की होगी माइनस मार्किंग

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**






बड़कागांव : रामनवमी महासमिति हरली की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में हरली पूजा समिति अध्यक्ष राम सुंदर महतो की अध्यक्षता एवं संचालन संयोजक उमेश दांगी तथा धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी संतोष राणा ने किया। बैठक में कई गांव के अखाड़े के पदाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस दौरान हरली रामनवमी मेला टाण्ड़ मे वर्षो से लगने वाले नवमी की रोज रामनवमी मेला को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर लोगों ने विचार विमर्श किया । महासमिति की ओर से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नवमी की रोज हरली मेला टाण्ड़ में जुलूस व झांकी लेकर आने वाले अखाड़ों को निर्धारित समय का पालन करना होगा। जिसके लिए बिश्रामपुर, पिपराडीह , शिवाडीह, सांढ़-छपेरवा, सोनपुरा, तलाशवार, गंगादोहर, गोसाई बलिया के जुलूस व झांकी को शाम 7रू00 बजे विवाह भवन हरली तक पहुंचना अतिअनिवार्य होगा। वही मोतरा के झंडा व जुलूस को 2:00 दोपहर बजे बादम में गोंदलपूरा, जोराकाठ, चपरी के साथ मिलान कर 3:30 दोपहर महुगाई कला, महुगाई खुर्द के झंडा जुलूस के साथ मिलकर 4:30 बजे तक मेला स्थल पहुंचना अनिवार्य बताया गया । तत्पश्चात 4रू45 में विधिवत निर्धारित समय के अनुसार मोतरा झंडा को हरली मेला स्थल से प्रस्थान किया जाएगा ताकि 5:30 बादम पार कर जाए। बाकी झांकी व जुलूस के लिए निर्धारित समय 7:00 बजे शाम मेला स्थल पहुंचने के लिए सभी के लिए लागू रहेगा। दूसरी ओर पुरस्कृत करने को लेकर बनाए गए निर्णायक कमेटी में क्षेत्र के सभी गांव व अखाडो के लोग सहयोग करेंगे ताकि किसी में भी असंतोष की भावना ना हो । साथ ही साथ अपने अपने जुलूस का नियंत्रण अपने गांव व अखाड़ा के द्वारा बनाए गए कमेटी द्वारा किया जाएगा ताकि एक - दूसरे जुलूस को बाधा नहीं हो। वही धार्मिक व भक्ति पूर्ण गीत व झांकी प्रस्तुत किए जाएंगे एवं किसी भी प्रकार का अभद्र व अश्लील गानों का प्रयोग नहीं होगा। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए गाइडलाइन के तहत डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लेकिन साउंड बॉक्स , चोंगा तथा पारंपरिक कला व वाद्य यंत्र प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होंगे। संयोजक उमेश दांगी ने कहा कि महासमिति द्वारा लिए गए निर्णय का पालन जो अखाड़ा व गांव नहीं करेंगे उन्हें माइनस मार्किंग देकर उन्हें पुरूस्कार से वंचित किया जा सकता है जिसकी जिम्मेदारी स्वयं उन अखाड़ों पर होगी। मौके पर मौजूद बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि जो अखाड़ा व गांव महासमिति के निर्णय के अनुरूप नियमों का पालन करते हुए डीजे आदि के प्रयोग न करने में सहयोग करेंगे उन्हें पुलिस प्रशासन की ओर से भी पुरस्कृत किया जाएगा। महासमिति की बैठक में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त डीएसपी सह समाजसेवी मुकुटधारी महतो, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी, नयाटाण्ड़ पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम , हरली पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, पुजारी सबूर महतो, पूजा समिति पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, संयोजक मंडल सदस्य सुरेश कुमार दांगी, तुलसी महतो, केशव नाथ महतो, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, पूर्व पंसस उपेंद्र कुमार, बालेश्वर महतो, प्रमेश गिरी ,सत्येंद्र वर्मा, कृष्णा यादव, जागेश्वर प्रजापति, समेत क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों व गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

# चाइल्ड फंड इंडिया ने शिक्षा के अधिकार को लेकर की किया संगोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में चाइल्ड फंड इंडिया संस्था के द्वारा शिक्षा के अधिकार को लेकर जिला स्तरीय विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसका उदघाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो विभिन्न संगठन के जिला अध्यक्ष महासचिव आदि ने किया। चाईल्ड फंड इंडिया के जिला अधिकारी उमेश कुमार मंडल, सूचित विल्सन इक्का, सीनियर अ०फिसर मिथुन नाथ और जिला एरिया ऑफिसर शिक्षा विभाग और जिला के अलग अलग एनजीओ यूनिसेफ , पीरामल, वैदिक सोसायटी, जिला अस्तरीय महात्मा गांधी फैलो जिला शिक्षक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र पांडे चंदन कुमार अतुल कुमार अनूप कुमार रुद्र प्रताप सिंह उदय प्रसाद और शिक्षा से जुड़े जिला स्तरीय संजीत पांडे आर्यन गर्ग आदि उपस्थित थे। जिसमें लातेहार में शिक्षा का स्तर कैसे ऊपर उठाया जा सकता हैं विचार विमर्श किया गया ।वर्तमान में शिक्षा से जुड़े मुद्दों पे विस्तार से चर्चा किया और सभी लोग अपनी अपनी सुझाव रखें ।वही चाइल्ड फंड इंडिया संस्था के प्रोग्राम प्रभारी उमेश कुमार मंडल, सूचित विल्सन इक्का और सीनियर अ०फिसर मिथुन और फील्ड के उत्परेरक लोग भी उपस्थित रहें ।

# श्री श्री 1008 श्री पंचमुखी हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन

## कल कलश यात्रा 28 को भक्ति गायिका कुमकुम बिहारी का जागरण का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सिंदवारी - नगडी में श्री श्री 1008 श्री पंचमुखी हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन 23 मार्च को कलश यात्रा के साथ शुभा. रंभ की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार ने दी है। यज्ञ मंडप एवं अन्य तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 23 मार्च को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के तमाम भक्तजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। प्राण प्रतिष्ठा के यज्ञाचार्य उमेश पाठक होंगे जबकि प्रवक्ता शत्रुघ्नआचार्य महाराज एवं बाल विदुषी अंजना गोस्वामी होंगे। 23 मार्च से लेकर 27 मार्च तक संध्या में प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 28 मार्च मंगलवार रात्रि को गायिका कुमकुम बिहारी की जागरण एवं महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार वर्मा, सचिव रामस्वरूप कुमार, उपाध्यक्ष महेन्द्र साव, उप कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार कुशवाहा, उप सचिव उमेश कुमार कुशवाहा वहीं सदस्यों में मुख्य रूप से गोविंद महतो ,सुदेश्वर वर्मा, महादेव साव, टेकन साव, भीखन साव, राजेश साव, देवनंदन राणा, कुमार दिवाकर, निर्मल साव, किशुन प्रजापति, घनश्याम महतो, शायमकिशोर महतो, विशेश्वर साव, नंदकिशोर साव, कमलेश मंडल, खेमलाल साव, महेश कुशवाहा, महावीर साव, संभूनाथ मिश्रा, दिलीप राम, प्रमोद कुमार वर्मा एवं समस्त यज्ञ पूजा समिति के अलावा लोग शामिल हैं।

